Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

फेस-2 के विकास पर दिया जा रहा है जोर

28 Dec 2010, 0400 hrs IST

ग्रेटर नोएडा।। अब फेस-2 के विकास पर ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी पूरा जोर दे रही है। अथॉरिटी के अफसरों ने रविवार को फेस-2 एरिया का दौरा कर बादलपुर सहित अन्य स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। अथॉरिटी अफसरों ने बताया कि जायजा लेने के दौरान पाया गया कि यहां के विकास के लिए पहले सड़कों का जाल बिछाया जाना जरूरी है। सड़कें बनाए जाने के बाद बिजली, पानी, सीवर आदि का काम भी कराया जाएगा। फेस-2 की सड़कों को ग्रेटर नोएडा से जोड़ा जाएगा।
ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अफसरों के अनुसार ग्रेटर नोएडा फेस-2 का एरिया ग्रेटर नोएडा फेस वन से ज्यादा बड़ा है। यह एरिया दादरी, गुलावठी, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद तक फैला हुआ है।

ग्रेटर नोएडा के साथ-साथ फेस-2 में भी विकास कार्य शुरू कर दिए गए हैं। यहां के लिए बेहतर कनेक्टिविटी करने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। फेस-2 आने-जाने के लिए यहां पहले से भी कई पुरानी सड़कें बनी हैं, जिनमें समतल कलर कंपनी के पास छपरौला जीटी रोड से होते हुए रोजा जलालपुर, पतवाड़ी ,मिल्क लच्छी गांव से नोएडा गाजियाबाद एक्सप्रेस-वे में बिसरख गांव के पास मिल जाती है। इसके अलावा अच्छेजा, बादलपुर से होते हुए सादुल्लपुर, सुनपरा और सेनी गांव के पास 130 मीटर एक्सप्रेस-वे में मिल जाता है। तीसरी सड़क जीटी रोड से आमका गांव से रूपवास रेलवे क्रॉसिंग पार करने पर खेड़ी होते हुए सेनी 130 मीटर एक्सप्रेस-वे में मिल जाती है। चौथी सड़क दादरी से सीधे सूरजपुर ग्रेटर नोएडा एंट्री पॉइंट पर मिल जाती है। पांचवीं सड़क चिटहरा से पल्ला होते हुए सीधे ग्रेटर नोएडा, छठी सड़क कोट पुल के पास से सीधे नहर पटरी से होते हुए अजायबपुर ग्रेटर नोएडा मिल जाती है।

अथॉरिटी अफसरों का कहना है कि ये सड़कें पुरानी और घुमावदार हैं, जिससे लोगों को आने जाने में घंटों लग जाते हैं। अब अथॉरिटी फेस-2 का विकास कराने लगी है। यह और कई नई सड़कें बनाई जाएगी। कुछ पर निर्माण कार्य शुरू भी हो गया है। 130 मीटर एक्सप्रेस-वे से सीधे 80 मीटर चौड़ी सड़क बादलपुर जीटी रोड पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के लिए बनाई जाने लगी है। इस सड़क का काम करीब 60 प्रतिशत तक पुरा हो गया है। दूसरी सड़क अल्फा कमर्शल बेल्ट के सामने से 105 मीटर चौड़ी सड़क बोडाकी होते हुए जीटी रोड फेस-2 के लिए बनाई जा रही है। यह सड़क बोडाकी तक बन गई है।

डीसीईओ पीसी गुप्ता का कहना है कि ग्रेटर नोएडा फेस-2 का विकास कराने के लिए अथॉरिटी जुट गई है। डीसीईओ ने रविवार को बादलपुर गांव का भी दौरा किया। यहां उन्होंने बनाए जा रहे हेलिपैड, गेस्टहाउस, डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पार्क समेत कई विकास कार्यों का जायजा भी लिया। काम में लगे अथॉरिटी के इंजीनियरिंग विभाग के अफसरों से काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

Recommend Be the first of your friends to recommend this.

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।
इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2010 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768